भारतीय वाङ्मय

हिन्दी तथा अहिन्दीभाषी क्षेत्र के साहित्यिक-सांस्कृतिक समाचारों की मासिक पत्रिका

वर्ष 2 | **जनवरी** 2001 | **अंक** 1

शिक्षा और संस्कृति

अब समय आ गया है, अपनी अस्मिता की ओर लौटें। मैकाले की शिक्षा व्यवस्था इस देश के लिए अभिशाप सिद्ध हुई। इसने हमें अपनी जड़ों से उखाड़ दिया। हम अपने देश को भूल गये, अपनी संस्कृति को हेय समझने लगे, देश के ज्ञान को तुच्छ समझने लगे, इतना ही नहीं अपने परिवेश के प्रति भी उदासीन हो गये। अपने देश की विभिन्न भाषाओं और संस्कृति की सुगन्ध की उपेक्षा कर हमने इस देश के लिए कृत्रिम भाषा और जीवन पद्धति को स्वीकार कर लिया।

इसने हमें संस्कार मुक्त कर दिया। व्यवसाय के लिए आई ईस्ट इण्डिया कम्पनी धीरे-धीरे ब्रिटेन की सरकार बन गई और उसने अपनी सत्ता की जड़ जमाने के लिए मैकाले की शिक्षा-नीति के माध्यम से हमें अपनी जड़ों से उखाड़ दिया। हमारे धर्म, शिक्षा, संस्कृति, अध्यात्म, राष्ट्रीयता सभी को साम्प्रदायिकता की संज्ञा दे दी और हमें अपने देशवासियों में परस्पर भेद उत्पन्न कर अविश्वास का वातावरण बना दिया। राष्ट्रभक्ति को साम्प्रदायिकता में बदल दिया।

आज हम फिर उसी ओर जा रहे हैं। भूमण्डलीकरण के वातावरण में राष्ट्रवाद अथवा राष्ट्रीयता को बचाये रखना चुनौती बनता जा रहा है। राष्ट्रीयता भौगोलिक अवधारणा मात्र नहीं है, यह मुख्य रूप से भावनात्मक अवधारणा है। इस भावना का हम अपनी परम्परा, ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और संस्कृति, भाषा तथा साहित्य के माध्यम से ही शाश्वत सृजन कर सकते हैं। आज हमारे युवक विदेश से प्राप्त ज्ञान को वरीयता प्रदान करते हैं जबकि हमारे देश को ज्ञान-विज्ञान के ग्रन्थों में उससे कहीं मौलिक और प्रामाणिक ज्ञान उपलब्ध है।

संस्कृत समस्त भारतीय भाषाओं की जननी है। इसे देवभाषा भी कहते हैं। भारतवासी इस भाषा में ही अपने आराध्य का स्मरण करते हैं। यह भाषा देश को एक सूत्र में जोड़ती है, इसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। तभी हम अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे।

आज हमारे देश के विद्यार्थी न्यूटन को जानते हैं किन्तु आर्यभट्ट का ज्ञान उन्हें नहीं है। कम्प्यूटर की जानकारी है परन्तु शून्य की अवधारणा इस देश के विद्वानों की देन है, इससे वे अनभिज्ञ हैं। ब्रह्माण्ड के रहस्यों का वर्णन हमारे संस्कृत ग्रन्थों में वर्णित है वह विश्व की अन्य भाषा में नहीं।

आज शिक्षा के स्वरूप को संस्कृतोन्मुख कर ही देश में आध्यात्मिक भौतिकवाद, नैतिकता, राष्ट्रीयता तथा कारयत्री प्रतिभा का सृजन कर सकेंगे।

साहित्य की दिशा

आजादी के लगभग 50 वर्षों बाद आज हमारा साहित्य जिस मुकाम पर पहुँचा है, वह निराशाजनक तो नहीं किन्तु कोलाहल भरा अवश्य है। किसी को लग रहा है कि अब फॉसिज्म के खतरे बढ़ रहे हैं और साहित्य की उदार एवं प्रगतिशील परम्परा पर ग्रहण लगने ही वाला है। कोई बहुत सोच-विचार के बाद इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि यूरोपीय धर्म-निरपेक्षता भारतीय मानस को रास नहीं आ रही है और अब मनुष्य केन्द्रित आध्यात्मिकता की आवश्यकता है। किसी को साफ दिखाई पड़ रहा है कि मुक्त बाजार की सस्ती मानसिक अपसंस्कृति को बढ़ावा दे रही है और शीघ्र ही साहित्य, संस्कृति, कला, सौन्दर्यबोध सब कुछ बिकाऊ माल बन जायगा। हिन्दी-साहित्य की जातीय परम्परा को लेकर भी साहित्यकारों के मस्तक पर चिन्ता की रेखायें उभरने लगी हैं। एक ओर से दृढ़ता भरी आवाज आ रही है कि शोषण के विरुद्ध संघर्ष करने वाली और पीड़ित जनता की पक्षधर रचना-परम्परा ही हिन्दी की जातीय परम्परा है। इसे आगे बढ़ाना जरूरी है। इसके विरुद्ध दूसरा स्वर यह उभर रहा है कि नहीं 'विरुद्धों का सामञ्जस्य' ही हमारी जातीय परम्परा है। तुलसीदास और निराला में इसे बखूबी देखा जा सकता है। साहित्यकारों की एक धारा पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी सांस्कृतिक परम्परा को बहुलतावादी मानते हुए सब कुछ को सहज और स्वाभाविक स्वीकार करके चीजों को समग्रता में देखने की बात कह रही है। इन सबके साथ किन्तु इस सबसे अलग दो तल्खी भरे स्वर भी वातावरण में गूँज रहे हैं। एक है—दलित चेतना का स्वर और दूसरा है—नारी-मुक्ति आन्दोलन का स्वर। दलित वर्ग के लेखक अनुभव कर रहे हैं कि समाज ने हजारों वर्षों से उन्हें दबा कर रखा है। उनके साथ अन्याय और अत्याचार किया है, अब उन्हें सामाजिक न्याय मिलना चाहिए। उन्हें किसी की दया और करुणा की आवश्यकता नहीं है। महिला लेखिकाओं की पीड़ा भी कुछ इसी कोटि की है। उन्हें शूद्रों की कोटि में रखा और मानवीय अधिकारों से वंचित किया। आज बड़ी तल्खी और कड़ुवाहट भरे स्वर में वे अपने अधिकारों की माँग कर रही हैं। साहित्य के आकाश में इतने स्वरों के उभरने से इतना तो साफ है कि अभिव्यक्ति का कोई खास संकट नहीं है। ऐसी स्थिति में फासिज्म का कोई तात्कालिक खतरा भी नहीं है। खतरे दूसरे हैं, और वे यह हैं कि जहाँ रचना के क्षेत्र में विचार-शक्ति और भाव-शक्ति में इतने बिखराव हैं वहाँ हम देश और लोक-हित में अपनी कर्म-शक्ति को किसी निश्चित दिशा में अग्रसर नहीं कर सकते। आजादी के पहले भी साहित्य में दबे उभरे कई स्वर थे। प्रखर राष्ट्रीय चेतना का स्वर था तो सामान्य सुधारवादी परन्तु नरम स्वर भी था। प्रगतिशील धारा थी जो सत्ता और पूँजी के गठजोड़ का विरोध कर रही थी तो अत्यन्त कल्पनाशील स्वच्छन्दतावादी रचनाकार भी थे जो देशभक्ति के साथ ही विश्वमानवतावाद के साथ जुड़े थे किन्तु इन सबके बावजूद पूरे साहित्य का मुख्य प्रवाह देश-

शेष अगले पृष्ठ पर

पृष्ठ 1 का शेष

भक्ति केन्द्रित था। हमारा एक सामूहिक भाव भी था जो स्वातंत्र्य चेतना के रूप में व्यक्त हो रहा था। आज हमारा कोई सामूहिक भाव निर्दिष्ट नहीं हो पा रहा है। इसलिए हम लोक और देशहित में किसी निश्चित लक्ष्य की ओर अग्रसर नहीं हो पा रहे हैं। अपने बिखरे असन्तोष को कोई निश्चित वैचारिक आधार नहीं दे पा रहे हैं। इसकी चिन्ता भी नहीं कर रहे हैं। इसलिए हमारी आवाज आपस में ही टकरा कर बिखर जा रही है। हम अपने मुख्य-विरोधी की लक्षित-अलक्षित पद-चाप भी नहीं सुन पा रहे हैं। या सुन रहे हैं तो भी न सुनने का अभिनय कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में साहित्य की उपेक्षा होनी ही है। यदि हमें राजनीति के आगे मशाल बनकर चलना है तो सभी तरह के प्रलोभनों से ऊपर उठकर मनुष्यता की, मानवीय संवेदना की, रक्षा करनी होगी। यदि हम इसी तरह बिकते रहे या बिकाऊ माल की तरह साहित्य का (सृजन नहीं) उत्पादन करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब सबसे ज्यादा रँगा-चुँगा, सस्ते मनोरंजन से भरा, सनसनीखेज, किशोर भावुकता को सहलाने वाला साहित्य ही सबसे मूल्यवान माना जायगा। प्रत्येक युग में साहित्य ही मानवीय मूल्यवत्ता का सबसे शक्तिशाली सुरक्षा-केन्द्र रहा है। हमें अपनी इस विरासत को याद रखना होगा।

—रामचन्द्र तिवारी

अनुवाद

अनुवाद अपनी भाषा को वास्तव में जानने-पहचानने का सबसे बड़ा माध्यम है। लिखते वक्त तो जो शब्द हमें सबसे पहले सूझते हैं हम प्राय: उन्हीं का प्रयोग करते हैं।....लेकिन अनुवाद करते हुए तो हमारे लिए जरूरी हो जाता है कि हम किसी शब्द या मुहावरे के वजन के लिए अपनी भाषा के शब्दों मुहावरों को कई तरह से खंगालें। अच्छे से अच्छे अनुवादक के लिए इसके लिये बराबर शब्दकोश की ही नहीं, अपनी भाषा के स्मृति कोश को भी बार-बार टटोलना पड़ता है। इस अर्थ में अनुवाद का कार्य लेखक के लिए एक तरह का सतत भाषा शिक्षण भी है। अपने को अपने द्वारा शिक्षित करने का काम भी है। **—प्रयाग शुक्ल**

विश्वविद्यालयों के हिन्दी विभाग

देश के सभी विश्वविद्यालयों के हिन्दी विभागों में भी बोलबाला पुरुषों का है। यही लोग विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रमों का निर्धारण करते हैं। यही सरकारी, अर्द्धसरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में अपनी जड़ें जमाए हुए हैं। पुरस्कार समितियों में उनकी ऐसी पकड़ है कि ये लोग जिसे चाहें, उसी को पुरस्कार दिलवा सकते हैं।

अनुमान है कि देशभर की साहित्य अकादमियों और निजी प्रतिष्ठानों द्वारा प्रतिवर्ष साहित्यकारों को सम्मान-राशि और पुरस्कारों के रूप में जो धन दिया जाता है वह दो करोड़ रुपयों से कम नही है, शायद अधिक हो। पिछले बीस वर्ष में जितने साहित्यकारों का सम्मान किया गया, जिन्हें कृतियों के लिए पुरस्कृत किया गया, उनका यदि पूरा विवरण तैयार किया जाए तो चौंकानेवाले तथ्य उभरेंगे। ऐसे कई (पुरुष) लेखकों के नाम सामने आएँगे जिन्होंने लाख-लाख, दो-दो लाख के निरन्तर पुरस्कार प्राप्त किये हैं। इन्हें चार-पाँच वर्ष की अवधि में ही दस लाख रुपये से अधिक के पुरस्कार मिल गए हैं। दूसरा यह तथ्य सामने आएगा कि लेखिकाओं (बहुत अच्छा लिखने वाली लेखिकाओं सहित) की संख्या पुरस्कृत नामों में पाँच से दस प्रतिशत के बीच होगी।

—डॉ० महीप सिंह

कानून की भाषा

कानून की भाषा को भारतीय बनाइये। आज देश को स्वतंत्र हुए लगभग 53 वर्ष हो रहे हैं, किन्तु हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवेश में कहीं भी भारतीयता की अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति नहीं मिलती। कानूनविद भूतपूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री ए०एम० सिंघवी का कथन है—

हमारे सर्वोच्च न्यायालय की भाषा आज तक वही लैटिन मूल की अंग्रेजी है, जिसे अंग्रेज तिरपन साल पहले हमारे लिए यहाँ उतार गये थे। यह हमारे 'हाई न्याय' की भाषा है। रही निचली अदालतों की भाषा की बात तो वहाँ अभी तक मुगलिया-नवाबी दौर चल रहा है। थाने-कचहरी का कोई कानूनी दस्तावेज देखिये आपको लगेगा कि पारसी थियेटर की किसी नौटंकी का कोई डायलॉग पढ़ रहे हैं। फिल्मी संवादों के 'आदि-कादरखान' महान डायलॉगबाज अभिनेता सोहराब मोदी का कोई संवाद। 'मकतूला', 'मुवक्किल', 'साकिन', 'फौत', 'मजकूला', 'नजीर' वगैरह-वगैरह। हमारे गाँवों के असाक्षरों को अगर कोई साक्षरता आन्दोलन कभी अक्षर लिखने के अलावा कानून के इन कूट शब्दों का मतलब ही समझा सके, तो वह थाने-कचहरी से लेकर, सरकार-साहूकार तक के दस्तावेजों में लगे उनके अँगूठे की छापों या टेढ़े-मेढ़े दस्तखतों में बन्द उनके सदियों पुराने दुर्भाग्य से काफी हद तक छुटकारा दिला सकता है।

मेरी परिकल्पना है कि प्राचीन को भविष्य और अतीत के साथ जोड़ा जाये। आर्यभट्ट, ज्योतिष, आयुर्वेदिक एवं वैज्ञानिक इसके साथ ही सम्पूर्ण भारतीय विद्याओं का क्या महत्त्व है, हम यह बताना चाहते हैं। चाणक्य के इतिहास और उसकी नीतियों पर भी हम फोकस कर रहे हैं। इसके साथ ही मुगलकालीन कलाओं को भी महत्त्व दिया जायेगा। प्राचीनकाल में इन परम्पराओं का क्या महत्त्व था और वर्तमान सन्दर्भों में इनका प्रयोग कैसे किया जा सकता है, हम इस पर विचार कर रहे हैं।

एल०एम०सिंघवी
अध्यक्ष, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली

लोकतन्त्र बनाम राष्ट्रवाद

आज देश में कैसा लोकतन्त्र है, परिवारवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद क्या यही राष्ट्रवाद की भूमिका है। सार्वभौमिकीकरण, भूमण्डलीकरण की आँधी हमारा देश झेल पायेगा? निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर आइये विचार करें। देश की अस्मिता को बचायें।

राष्ट्रधर्म की पुकार

राजनयिक सिद्धान्त के अन्तर्गत आत्मरक्षा, समाजहित और राष्ट्र-सुरक्षा परम धर्म मान गए हैं। भारत की आजादी के अर्धशतक बाद ही हमारी तन्द्रा जस की तस है। परिणामत: राष्ट्रधर्म दृष्टि से ओझल होता जा रहा है। खबर छपी है कि चीन ने भारतीय सीमा पर सड़क का निर्माण किया है और वह भारतीय सीमा में पाँच किलोमीटर घुस भी आया है। यद्यपि सरकारी स्तर से इस खबर का खण्डन हुआ है तथापि 'चीनी-हिन्दी भाई-भाई' के मधुर नारे का कुफल हम चख चुके हैं। चीन ने हमारे बड़े भू-भाग पर कब्जा कर रखा है। 4056 किलोमीटर लम्बी विवादित सीमा के समाधान के लिए 1993 से भारत चीन से बातें कर रहा है, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। चीन की नीयत के विषय में जानना क्या शेष रह गया है? 'वाशिंगटन टाइम्स' की खबर है कि चीन पाकिस्तान को ऐसे नाभिकीय प्रक्षेप्यास्त्र प्रदान कर रहा है जिसका लक्ष्य भारत के प्रमुख नगर हो सकते हैं। हमारी कूटनीति निकष पर अगर खरी नहीं उतरती है तो राष्ट्रधर्म की पुकार की रक्षा हम कैसे कर सकते हैं?

आधुनिकता का अभिशाप

आजाद हुए 53 साल हो गये लेकिन अंग्रेजीयत हमारी मानसिकता पर पूरी तरह से हावी होती गयी। हम ग्राम स्वराज की कल्पना तक को भूल गये और आधुनिकीकरण का लिबास ओढ़कर अपने आप को यह साबित करने लगे कि हम एडवांस हो चुके हैं। यही कारण है हमारे पिछड़ने का। और बदलाव चाहिए तो अतीत से सीख लेनी होगी वर्तमान को समझना होगा और भविष्य को सँवारना होगा। **—भी०सी० जोशी**

सम्मान-पुरस्कार

कृष्णा सोबती को रामकृष्ण जयदयाल हारमोनी अवार्ड

हिन्दी की प्रख्यात उपन्यासकार **कृष्णा सोबती** को उनकी कल्पनाशील रचनाधर्मिता के लिए 1999 के रामकृष्ण जयदयाल हारमोनी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के तहत 'मित्रो मरजानी' और 'जिन्दगीनामा' की लेखिका कृष्णा सोबती को एक लाख रुपये और एक प्रशस्त पत्र दिया गया। इस वर्ष का पुरस्कार शहीद भगत सिंह के एक मात्र जीवित भाई सरदार कुलतार सिंह ने प्रदान किया।

हिन्दी में विज्ञान की मौलिक पुस्तकों के लिए पुरस्कार

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने हिन्दी में लिखी गई विज्ञान की पुस्तकों के मौलिक लेखन के लिए पुरस्कारों का एलान किया है। पहला पुरस्कार एक लाख रुपये का होगा। साथ में प्रमाण-पत्र व स्मृति-चिन्ह भी दिया जाएगा। दूसरे और तीसरे पुरस्कार विजेताओं को क्रमश: 75 हजार रुपये व 50 हजार रुपये दिये जायेंगे। इन विजेताओं को भी स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र मिलेंगे। इनके अलावा 10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

गाओ भुंगजियान को साहित्य का नोबल

पहली बार चीन के प्रतिष्ठित लेखक **गाओ भुगजियान** को इस वर्ष के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। स्वीडिश अकादमी की घोषणा के अनुसार श्री भुंगजियान को वर्ष 2000 के नोबेल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। अकादमी ने अपने प्रशस्ति पत्र में कहा है कि श्री गाओ ने मजी हुई भाषा में अंतरराष्ट्रीय रूप से मुख्य लेखन किया। उनके इन्हीं गुणों ने चीनी उपन्यास और नाटक के लिए नयी राहें खोलीं। श्री गाओ को पुरस्कार के रूप में करीब दस लाख डालर मिलेंगे। गाओ का साहित्य एक आन्दोलन है। उनके नाटक अभिव्यक्ति हैं चीन की उस समय की दशा के। उनकी कविताएँ कारुणिक रुदन हैं, पीड़ित मानवता उनके उपन्यासों की अंतरात्मा है। एक व्यक्ति जो मूल्यों को तलाशता है। गाओ का रचना संसार समृद्ध तो है ही, वैविधता उन्हें एकदम अलग खड़ा करती है। उन्होंने एक बार कहा था, 'मैं कलाकार हूँ जो अपनी कलाकृतियों के बीच रहता हूँ। लेखन तो बस हो जाता है।' कलाकार को सम्मान, निश्चित ही प्रशंसनीय है।

कनाडा की उपन्यासकार मारग्रेट एटवुड को बुकर

कनाडा की सुप्रसिद्ध उपन्यासकार **मारग्रेट एटवुड** को उनके उपन्यास 'दि ब्लाइंट एसेसिन' के लिए बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एटवुड इससे पहले भी 1986, 1989 और 1996 में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए मनोनीत हो चुकी हैं। यह चौथा मनोनयन है जब उन्हें अन्तत: 21 हजार पाउंड के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

साहित्यिक सारस्वत सम्मान कमलेश्वर को

राष्ट्रीय विचार विकास प्रतिष्ठान की ओर से इस वर्ष का साहित्यिक सारस्वत सम्मान साहित्यकार **कमलेश्वर** को दिया जाएगा। कला और साहित्य को प्रोत्साहित करने वाली इस संस्था की ओर से सारस्वत सेवा सम्मान के लिए लेखक हरीश पाठक और मराठी साहित्य सारस्वत सम्मान के लिए एकनाथ आबूज को चुना गया है।

ईशाक अली को मैथिलीशरण सम्मान

अखिल भारतीय साहित्यकार अभिनन्दन समिति, मथुरा द्वारा ग्राम भटौना निवासी **ईशाक अली 'सुंदर'** को उनकी काव्य सेवाओं के लिए 'कविवर मैथिलीशरण गुप्त सम्मान' से सम्मानित किया गया। मथुरा की उक्त संस्था सन् 1986 से साहित्य के क्षेत्र में कार्यरत है।

काका हाथरसी पुरस्कार

हरियाणा मैत्री संघ और काका हाथरसी ट्रस्ट की ओर से केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 3 दिसम्बर को नयी दिल्ली में वर्ष 1999 के श्रेष्ठ हास्य व्यंग्यकार **अरुण जैमिनी** को 30 हजार रुपये के हास्यरस काका हाथरसी पुरस्कार से सम्मानित किया।

भारत-भारती व दीनदयाल सम्मान

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने वर्ष 1999 के लिए पुरस्कार घोषित किये हैं।

2 लाख 51 हजार रुपये का भारत भारती सम्मान **डॉ० लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक'** को, दो लाख रुपये का महात्मा गाँधी सम्मान **धर्मपाल** को, हिन्दी गौरव सम्मान **सीताराम चतुर्वेदी** को, पं० दीनदयाल उपाध्याय सम्मान **दत्तोपन्त ठेंगड़ी** को, अवन्तीबाई सम्मान **वचनेश त्रिपाठी** को, लोहिया साहित्य सम्मान **कुँवरनारायण** को तथा पचास हजार रुपये का साहित्य भूषण सम्मान **डॉ० शिवबालक शुक्ल, डॉ० रामफेर त्रिपाठी, श्रीमती मृदुला गर्ग, डॉ० चन्द्रकान्त वान्दिवडेकर, डॉ० सुनीता जैन, डॉ० लक्ष्मणदत्त गौतम, डॉ० नरेन्द्र मोहन, डॉ० आनन्दप्रकाश दीक्षित, कैलाशचन्द्र भाटिया, कृष्ण बिहारी मिश्र, डॉ० कन्हैया सिंह** एवं **भोलाशंकर व्यास** को प्रदान किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त विद्या भूषण, लोक भूषण, कला भूषण, पत्रकारिता भूषण, विज्ञान भूषण, प्रवासी भारतीय हिन्दी भूषण, बाल साहित्य भारती, सौहार्द एवं हिन्दी विदेश प्रसार पुरस्कारों की भी घोषणा की गई है।

श्रीवाणी सम्मान

मैक्सिको के ई०एल० कालेज में संस्कृत के अतिथि प्रोफेसर **डॉ० रसिक बिहारी जोशी** को दो लाख रुपये के रामकृष्ण जयदयाल डालमिया श्रीवाणी सम्मान के लिए चुना गया है। डॉ० जोशी को सम्मान में दो लाख रुपये के अलावा प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह दिया जायगा। 73 वर्षीय डॉक्टर जोशी को 1995 में साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा 1989 में दिल्ली संस्कृत अकादमी का पुरस्कार मिल चुका है।

साहित्यिक पुरस्कारों की विश्वसनीयता

आज हिन्दी में साहित्यिक पुरस्कारों की भरमार हो गई है। देखा यह जा रहा है कि पुरस्कार रचना पर नहीं रचनाकारों के प्रभाव और प्रयास पर दिया जा रहा है।

किसी समय साहित्य अकादमी के पुरस्कार को प्रतिष्ठा से देखा जाता था, किन्तु आज 'साहित्य अकादमी' के पुरस्कार को महत्त्व नहीं दिया जाता। पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए लेखकों के वर्ग- विशेष द्वारा संगठित प्रयास होने लगा है। पुरस्कार चयन समितियों में निष्पक्षता का अभाव होता जा रहा है। कुछ पुरस्कार तो राजनीतिक मात्र रह गये हैं जो पुरस्कृत करने के बजाय उपकृत करने के लिए दिये जाते हैं। साहित्य तथा साहित्यकार की प्रतिष्ठा दोनों प्रभावित होती है, यह विचारणीय है।

''साहित्यिक पुरस्कारों के चारों ओर एक माफिया तंत्र विकसित हो गया है। कुछ लोग चतुरता से सत्ता प्रतिष्ठानों में अपनी पकड़ बना लेते हैं और वे इस बात के निर्णायक हो गये हैं कि किसे पुरस्कार मिले और किसे न मिले यह स्थिति बहुत ही खराब है। गुटबाजी आज गिरोह में बदल गयी है।'' **—महीप सिंह**

❑ ❑

हिन्दी का क्षेत्र किसी भी भारतीय भाषा साहित्य के क्षेत्र तिगुना-चौगुना बड़ा है। किन्तु साहित्य की राष्ट्रीय अकादमी के पास जो एक ठो पुरस्कार सिंधी या गुजराती के किसी लेखक को राष्ट्रीय महत्त्व प्रदान करने के लिए है, वही इकलौता पुरस्कार हिन्दी के लिए भी है।

—रमेशचन्द्र शाह

हिन्दी संस्थान के पुरस्कारों पर विवाद

जिस शहर में श्रीलाल शुक्ल जैसा प्रतिभाशाली साहित्यकार मौजूद हो वहाँ सर्वोच्च भारत-भारती सम्मान के लिए डॉ० लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक' का चयन दुर्भाग्यपूर्ण है। कहाँ एक ओर तो यह सम्मान बाबा नागार्जुन, अमृतलाल नागर, महादेवी वर्मा और नरेश मेहता सहित अन्य महान विभूतियों को दिया गया और कहाँ यह दिन आ गया जब श्री निशंक को यह सम्मान देना पड़ा है। सवाल केवल विचारधारा का ही नहीं है। विचारधारा कुछ भी हो लेकिन कम से कम उसे सही अर्थों में साहित्यकार तो होना ही चाहिए।

—वीरेन्द्र यादव

स्मृति शेष

प्रगतिशील समीक्षा का एक और स्तम्भ ढह गया

हिन्दी की प्रगतिशील समीक्षा के आरम्भिक उन्नायकों में अग्रणी **श्री शिवदान सिंह चौहान** नहीं रहे। पिछले तीन दशकों से श्री चौहान हिन्दी-आलोचना-मंच के नेपथ्य में रहे। हाल ही में उनकी एक बड़ी रचना 'परिप्रेक्ष्य को सही करते हुए' प्रकाशित हुई है। इसमें कुछ पुराने लेखों के साथ श्री चौहान के 1960 से 1994 के बीच लिखे आलोचनात्मक निबन्ध संगृहीत हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि श्री चौहान नेपथ्य में रहते हुए भी नितांत निष्क्रिय नहीं थे। वे समय-समय पर अपने विचार व्यक्त करते रहे थे। यह अवश्य था कि निरन्तर मुखर न होने के कारण आज की आपा-धापी में लोग उन्हें भूल से गए थे। आलोचना के रजिस्टर में उन्हें अनुपस्थित दिखाया जा रहा था। किन्तु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि श्री चौहान ने विख्यात 'आलोचना' पत्रिका के संस्थापक सम्पादक के रूप में ऐतिहासिक महत्त्व का कार्य किया था। एक समय था जब वे निरन्तर सक्रिय थे। 'प्रगतिवाद' (1946 ई०), 'हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष' (1954 ई०), 'साहित्यानुशीलन' (1955 ई०), 'आलोचना के मान' (1958 ई०), 'साहित्य की समस्यायें' (1958 ई०), हिन्दी गद्य साहित्य (1965 ई०, परिवर्द्धित संस्करण) जैसी कृतियाँ हिन्दी-जगत् में आदर के साथ देखी जाती थीं। वे प्रगतिशील आलोचना के एक दृढ़ स्तम्भ थे। इधर लोगों का ध्यान उनकी ओर गया था। 'आलोचना' पत्रिका के पुनः प्रकाशित होने पर उन्हीं से लोकार्पण कराया गया था। लेकिन यह सब इस भाव से किया जा रहा था जैसे उनकी बुजुर्गियत को आदर दिया जा रहा हो। उनके कृतित्व की महत्ता की ओर लोगों का ध्यान नहीं था। 1918 में जन्मे श्री चौहान का 82 वर्ष की अवस्था में देहावसान उनके दीर्घ जीवन का साक्षी है किन्तु पिछले कई दशकों से हिन्दी-जगत् द्वारा की जाने वाली उपेक्षा उनकी दीर्घ अस्वस्थता का अलक्ष्य कारण रही हो, तो आश्चर्य नहीं। कुछ भी हो, उनके देहावसान से हिन्दी की प्रगतिशील समीक्षा का एक और स्तम्भ ढह गया।

डॉ० रामसिंह तोमर नहीं रहे

हिन्दी के प्रख्यात विद्वान् और विश्वभारती शान्ति निकेतन के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, **डॉ० रामसिंह तोमर** का विगत 23 अक्टूबर, 2000 को देहावसान हो गया। शान्ति निकेतन का एक कोना (पूर्व पल्ली) सूना हो गया। लगभग एक वर्ष पूर्व उनकी पत्नी (कनिका तोमर) की मृत्यु कैंसर से हो गई थी। तभी से तोमर जी जीवन के प्रति उदासीन हो गए थे। अंततः इस उदासी ने उनके जीवन का अन्त कर दिया। तोमर जी प्राकृत और अपभ्रंश के मान्य विद्वान् तो थे ही देश-विदेश की कई अन्य भाषाओं में भी उनकी अच्छी गति थी। वे अंग्रेजी, फ्रेंच, इतालवी, बँगला आदि कई भाषाओं पर समान अधिकार रखते थे। उन्होंने विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की कहानियों का इतालवी में अनुवाद किया था। वे गुरुदेव द्वारा आरम्भ की गई विश्वभारती पत्रिका का जीवनभर सम्पादन करते रहे। तमिल के आलवार भक्तों की वाणी का अनुवाद अंग्रेजी तथा भारत की अन्य भाषाओं में हो चुका है। तोमर जी ने तमिल के प्रख्यात विद्वान् पण्डित श्री निवास राघवन द्वारा आलवार भक्तों की सम्पूर्ण वाणी का प्रामाणिक अनुवाद कराकर आठ खण्डों में प्रकाशित कराया है। यह ऐतिहासिक महत्त्व का कार्य 'हलवासिया शोध ग्रन्थमाला' के अन्तर्गत हुआ। तोमर जी शान्ति निकेतन की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक थे। मितभाषी थे किन्तु उनका व्यक्तित्व बोलता था। उनका जन्म 19 मई 1922 को ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में हुआ था। शिक्षा इलाहाबाद में हुई। बहुत दिनों तक इटली में हिन्दी का अध्यापन किया। कार्य क्षेत्र शान्ति निकेतन रहा। शान्ति निकेतन की शीतल छाया में ही उन्हें चिर शान्ति प्राप्त हुई। उन जैसे कर्मठ, आदर्शवादी, शान्त, सौम्य और समर्पित विद्वान् मनीषी के निधन से हिन्दी की अपूरणीय क्षति हुई है।

नरेश मेहता हैं और आगे भी रहेंगे

दूसरे सप्तक के अपने वक्तव्य में **नरेश मेहता** ने कहा था—''जो भी हो, नरेश है और आगे भी रहने को है।'' उनका यह आत्मविश्वास उस उदात्त सांस्कृतिक चेतना के गर्भ से फूटा था जो उनकी रचना का बीज-भाव है। 15 फरवरी, 1922 राजापुर (म०प्र०) में जन्मे श्री नरेश मेहता ने साहित्य की सभी विधाओं को समृद्ध किया है। दूसरा सप्तक (सं० अज्ञेय 1951) से अपनी पहचान कायम करने वाले श्री मेहता की काव्य-कृतियाँ हैं—वनवासी सुनो (1957), बोलने दो चीड़ को (1962), मेरा समर्पित एकान्त (1963), उत्सवा (1974), तुम मेरा मौन हो (1982), अरण्या (1985), आखिर समुद्र से तात्पर्य (1988), पिछले दिनों नंगे पैरों (1990), देखना एक दिन (1990)। यह कृतियाँ प्रमाण हैं कि उनकी रचना-यात्रा में नैरन्तर्य है। नैरन्तर्य इस अर्थ में नहीं कि वे निरन्तर लिखते रहे हैं। नैरन्तर्य इस अर्थ में कि वे चीजों को नये सन्दर्भ में नया अर्थ देने की कोशिश करते रहे हैं। संशय की एक रात (1962), महाप्रस्थान (1965), प्रवाद पर्व (1977), प्रार्थना पुरुष (1986), शबरी (1987), चैत्या (1993) आदि आपकी प्रबन्धात्मक रचनाएँ हैं। यह रचनाएँ आपकी उदात्त मानवधर्मिता की साक्षी हैं। धूमकेतु एक श्रुति (1963), डूबते मस्तूल (1944), यह पथ बंधु था (1962), नदी यशस्वी है (1964), दो एकान्त (1965), प्रथम फाल्गुन (1966), उत्तर कथा दो खण्डों में (1980-84) आदि उपन्यासों की रचना करके आपने हिन्दी कथा-साहित्य में अपनी अलग पहचान बनाई है। इनके अतिरिक्त आपने कहानी, यात्रावृत्त, संस्मरण, नाटक, समीक्षा आदि विधाओं को भी समृद्ध किया है। श्री मेहता केन्द्रीय 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', उ०प्र० शासन के 'भारत भारती' सम्मान, म०प्र० शासन के 'शिखर सम्मान' और भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार आदि से सम्मानित होकर हिन्दी-साहित्य के शिखर पुरुष के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ गए हैं। गत 22 नवम्बर 2000 को (रात्रि में) आपका देहावसान हो गया। आप पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे। आपके निधन से निस्सन्देह हिन्दी साहित्य की अपूरणीय क्षति हुई है। यह क्षति इस अर्थ में अपूरणीय है कि पुरातन के सारतत्त्व से नवीन का सृजन करने वाले रचनाकार विरल हैं। श्री मेहता ऐसे ही रचनाकार थे। उन्होंने कभी लिखा था—

मानव जिस ओर गया, नगर बने तीर्थ बने।
तुम से है कौन बड़ा? गगन सिंधु मित्र बने॥
भूमि का भोगो सुख, नदियों का सोम पियो।
त्यागो सब जीर्ण वसन,
नूतन के सँग-सँग चलते चलो।

लगता है श्री मेहता अपना जीर्ण शरीर त्याग कर नवीन की खोज में मिली नई दिशा में प्रस्थान कर गए हैं। वे मरे नहीं हैं, 'हैं' और आगे भी रहेंगे।

गाँधीवादी विचारक यशपाल जैन

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को समर्पित **यशपाल जैन** का 10 अक्टूबर को अपराह्न दो बजे नागदा (मध्यप्रदेश) में लम्बी बीमारी के बाद अस्पताल में निधन हो गया। 88 वर्षीय यशपाल जैन का जन्म अलीगढ़ में विजयगढ़ कस्बे में 1 सितम्बर 1912 को हुआ था। यशपाल जी ने अनेक उपन्यास, कहानी, निबन्ध, संस्मरण, यात्रा वृत्तांत, नाटक तथा कविताएँ लिखीं। सरकार ने उन्हें पद्मश्री से अलंकृत किया। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने उन्हें साहित्य भूषण की उपाधि प्रदान की। अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग ने उन्हें साहित्य वाचस्पति से सम्मानित किया। यशपालजी सस्ता साहित्य मण्डल के मंत्री थे और मण्डल की पत्रिका 'जीवन साहित्य' का सम्पादन करते थे। उन्होंने सस्ता साहित्य मण्डल ऐसी संस्था को अपनी कृतियों तथा विशिष्ट प्रकाशनों से गरिमा प्रदान की। साहित्य के क्षेत्र में ऐसे गाँधीवादी विचारक के निधन से शून्यता व्याप्त हो गई।

क्रान्तिकारी साहित्यकार

मन्मथनाथ गुप्त

प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा—''देश ने एक ऐसा महान् स्वतंत्रता सेनानी खो दिया, जिसने ब्रिटिश शासन काल में अपने जीवन के बीस साल जेल की अँधेरी कोठरी में गुजारे।'' 1908 ई० काशी में जन्मे **मन्मथनाथ गुप्त** का दिल्ली में 26 अक्टूबर को निधन हो गया। गुप्तजी काशी विद्यापीठ की परम्परा के गौरवशाली नक्षत्र थे। 'क्रान्ति युग के संस्मरण' (1937 ई०), 'भारत के सशस्त्र क्रान्तिकारी चेष्टा का इतिहास' (1939 ई०), 'बहता पानी' उपन्यास (1955 ई०), 'कथाकार प्रेमचंद' (1946 ई०), प्रतिवाद की रूपरेखा (1950 ई०), 'साहित्य, कला, समीक्षा' (1954 ई०) आदि आपकी प्रमुख कृतियाँ हैं। आपकी प्रतिभा क्रान्ति और साहित्य दोनों में सक्रिय रूप से समर्पित रही। 'क्रान्तिकारी आन्दोलन का इतिहास' तथा 'भगत सिंह ऐण्ड हिज टाइम्स' आपकी स्मारक कृतियाँ हैं। ऐसे योद्धा साहित्यकार को काशी के साहित्यकारों की विनम्र श्रद्धांजलि।

हृषीकेश

गाजीपुर निवासी वरिष्ठ कथाकार एवं आलोचक **हृषीकेश** का 10 नवम्बर को काशी में निधन हो गया। 10 नवम्बर 1932 को जन्मे हृषीकेश ने अपने जन्मदिन 10 नवम्बर 2000 को इहलीला समाप्त की। हृषीकेश युवा साहित्यकारों की प्रेरणा थे। पूर्वाञ्चल के युवा साहित्यकारों को उनका अभाव खटकता रहेगा।

भोलानाथ गहमरी

भोजपुरी गीतकार **भोलानाथ गहमरी** जो कैन्सर से पीड़ित थे, का गाजीपुर में 8 दिसम्बर, 2000 को निधन हो गया। 15 दिसम्बर 1923 को गाजीपुर जिले के गहमर गाँव में जन्मे गहमरी जी का पहला गीत संग्रह 'बयार पुरुवइया' की भूमिका आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने लिखी थी। गहमरीजी की अन्य रचनाओं में 'अँजुरी भर मोती', 'रागिनी', 'मौलश्री', लोहे की दीवार (नाटक) प्रमुख हैं। उनके निधन से भोजपुरी साहित्य के मौलिक रचयिता का स्थान रिक्त हो गया। हमारी विनम्र श्रद्धांजलि।

भारत इतना भावहीन कभी नहीं था, जितना आज है। मानसिक दृष्टि से परतंत्रता के पंकिल में डूबे-सने भारतीयों को ध्यान दिलाना है कि वे स्वतंत्र देश के नागरिक हैं, उनकी अपनी अस्मिता है, उनकी भाषाओं में शक्ति है और वे अनुवाद के सहारे के बिना भी अपनी बात कह सकते हैं। भ्रष्टाचार स्नात राजनीतिज्ञ नहीं कर सके। आपकी पत्रिका के अग्रलेख 'भारतीय अस्मिता के विध्वंसक मैकाले' से यही ध्वनित होता है। साहित्यकार-प्रकाशक को यह मिलकर करना चाहिए। **—डॉ० पवनकुमार**
राजभाषा अधिकारी, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद

पद्मश्री डॉ० कपिलदेव द्विवेदी की महत्त्वपूर्ण कृतियाँ

अर्थविज्ञान और व्याकरण दर्शन
(अर्थविज्ञान-विषयक प्रामाणिक शोधग्रन्थ)

यह भाषाशास्त्रीय प्रामाणिक शोधग्रन्थ है। इसमें अर्थविज्ञान (Semantics) विषय पर भारतीय वैयाकरणों के गहन चिन्तन का विशद विवेचन है। पतंजलि के महाभाष्य और भर्तृहरि के वाक्यपदीय का गहन अनुशीलन है। साथ ही अन्य दार्शनिकों के मन्तव्यों का भी विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसमें 9 अध्यायों में मुख्य रूप से इन विषयों का वर्णन है— शब्द और अर्थ का स्वरूप, अर्थ-विकास, अर्थनिर्णय के साधन, शब्द और अर्थ का सम्बन्ध, शब्दशक्ति, पद और पदार्थ, वाक्य और वायार्थ, स्फोटवाद और अर्थविज्ञान।

पृष्ठ संख्या 370 + 30 मूल्य : 400 रुपये

वैदिक साहित्य एवं संस्कृति
(संस्कृत एम०ए० एवं आचार्य आदि के लिए)

यह वैदिक साहित्य-विषयक प्रामाणिक ग्रन्थ है। इसमें वैदिक साहित्य का सर्वांगीण विवेचन प्रस्तुत किया गया है। साथ ही वेदकालीन संस्कृति का भी संक्षिप्त विवेचन किया गया है। इसमें 13 अध्यायों में मुख्य रूप से इन विषयों का प्रतिपादन है— वेदों का महत्त्व, वेदों का रचनाकाल, वेद और भारतीय एवं पाश्चात्त्य विद्वान्, वैदिक संहिताएँ, ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक ग्रन्थ, उपनिषद् ग्रन्थ, 6 वेदांग— शिक्षा, व्याकरण, छन्द, निरुक्त, ज्योतिष एवं कल्पसूक्त, वैदिक संस्कृति, भूगोल एवं सामाजिक जीवन, वैदिक अर्थव्यवस्था, वैदिक राजनीतिक अवस्था, वैदिक देवों का स्वरूप, वैदिक यज्ञमीमांसा, वैदिक व्यारकण, स्वरप्रक्रिया, वेदों में विज्ञान के सूक्त, वेदों में काव्यसौन्दर्य और ललित कलाएँ।

पृष्ठ सं० 370 + 16 मूल्य : सजिल्द 250 रुपये
छात्र संस्करण 125 रुपये

संस्कृत-निबन्ध-शतकम्
(एम०ए०, आई०ए०एस०, पी०सी०एस०, आचार्य आदि के लिए)

इसमें सरल एवं सुललित भाषा में उच्चस्तरीय परीक्षाओं के लिए उपयुक्त 100 विषयों पर संस्कृत में निबन्ध दिए गए हैं। इसमें वैदिक एवं शास्त्रीय विषयों पर 10, दार्शनिक विषयों पर 6, काव्यशास्त्रीय 11, साहित्यिक 15, भाषाशास्त्रीय 5, सांस्कृतिक 9, सामाजिक 5, आर्थिक 6, राष्ट्रीय 8, शिक्षाशास्त्रीय 8 एवं विविध विषयों पर 20 निबन्ध दिए गए हैं। पुस्तक सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

पृष्ठ संख्या 324 मूल्य : 80 रुपये

संस्कृत व्याकरण एवं लघु-सिद्धान्त-कौमुदी

संस्कृतभाषा के व्याकरण के ज्ञान के लिए यह सर्वोत्तम ग्रन्थ है। इसमें भूमिका में संस्कृत व्याकरणशास्त्र का विस्तृत इतिहास दिया गया है, सम्पूर्ण लघु-सिद्धान्तकौमुदी हिन्दी अनुवाद और विस्तृत व्याख्या के साथ दी गई है। सिद्धान्तकौमुदी से कारक-प्रकरण व्याख्या सहित दिया गया है। साथ ही ग्रन्थ की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए संक्षिप्त वैदिक व्याकरण, स्वर-सम्बन्धी नियम, वैदिक छन्द-परिचय, संक्षिप्त प्राकृत व्याकरण और पारिभाषिक शब्दकोश भी दिया गया है। संस्कृत व्याकरण की सरल और वैज्ञानिक व्याख्या के लिए यह ग्रन्थ आदर्श है।

पृष्ठ संख्या 560 मूल्य : सजिल्द 200 रुपये
अजिल्द 140 रुपये

भाषा विज्ञान एवं भाषाशास्त्र
(संस्कृत तथा हिन्दी एम०ए० के लिए)

इसमें भाषाशास्त्रीय नवीनतम अनुसंधानों का समन्वय करते हुए भाषाविज्ञान और भाषाशास्त्र का प्रामाणिक एवं सारगर्भित विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसमें भाषा, ध्वनि-विज्ञान, पद-विज्ञान, वाक्य-विज्ञान, अर्थविज्ञान, विश्व की समस्त भाषाओं का आकृतिमूलक एवं पारिवारिक वर्गीकरण, भारोपीय परिवार, भारतीय अर्थभाषाएँ, स्वनिम, पदिम, रूपिम, आर्थिक, स्वनिम-विज्ञान, भाषाशास्त्र का इतिहास एवं लिपि का इतिहास आदि विषयों का प्रामाणिक विवेचन हुआ है। पुस्तक सभी विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है। पृष्ठ संख्या 525

मूल्य : सजिल्द 200 रुपये अजिल्द 120 रुपये

प्रौढ-रचनानुवाद कौमुदी
(एम०ए० और आचार्य के छात्रों के लिए)

यह वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गई संस्कृत व्याकरण, अनुवाद और निबन्ध की आदर्श पुस्तक है, इसमें 300 नियमों और 1500 शब्दों के द्वारा 60 अभ्यासों में समस्त संस्कृत व्याकरण की शिक्षा दी गई है, इसमें 100 शब्दरूप, 100 धातुओं के 10 लकारों के रूप, धातुरूपकोश, प्रत्यय-विचार, संधि विचार, संस्कृत-हिन्दी शब्दकोश आदि का संकलन है। प्रौढ संस्कृत लिखने के ज्ञान के लिए यह आदर्श ग्रन्थ है। इसकी लगभग 60 हजार प्रतियों का बिकना इसकी लोकप्रियता का परिचायक है।

पृष्ठ संख्या 440 + 12 मूल्य : 80 रुपये

रचनानुवाद-कौमुदी
(इण्टरमीडिएट, बी०ए० और शास्त्री के छात्रों के लिए)

यह वैज्ञानिक पद्धति से लिखी गई संस्कृत व्याकरण, अनुवाद और निबन्ध की आदर्श पुस्तक है। इसमें 200 नियमों एवं 1500 शब्दों के द्वारा 60 अभ्यासों में संस्कृत व्याकरण के विशेष उपयोगी नियमों की शिक्षा दी गई है, इसके अध्ययन से सामान्य हिन्दी-ज्ञान वाला व्यक्ति भी 3 या 4 मास में सरल संस्कृत लिख और बोल सकता है। इसमें बी०ए० स्तर तक के लिए उपयोगी सभी शब्दरूप और धातुरूप दिए गए हैं, साथ ही संक्षिप्त धातुकोश, प्रत्ययविचार, संधिविचार, 20 सरल संस्कृत में निबन्ध, छन्द-परिचय और पारिभाषिक शब्दों का विवरण दिया गया है। इसकी 2 लाख से अधिक प्रतियों का बिकना इसकी लोकप्रियता का परिचायक है।

पृष्ठ संख्या 272 + 16 मूल्य : 45 रुपये

हिन्दी-पत्रिकाएँ

अक्षरा

'अक्षरा' त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका है। मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की यह पत्रिका है। 'अक्षरा' का यह 50वाँ अंक हमारे समक्ष है जो आलोचना विशेषांक के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

आलोचना साहित्य के विकास का सहज माध्यम है। आलोचक किसी भी रचना का सही ढंग से उसके गुण और दोषों सहित पाठकों को जानकारी देता है तब पाठकों का उस रचना के प्रति सहज आकर्षण होता है। पाठक उस रचना को पढ़ता है। इस प्रकार साहित्य लेखक से चलकर पाठक तक पहुँचता है। हिन्दी आलोचना जो स्वातंत्रोत्तर विकसित हुई है, उसमें साहित्य मंथन का अभाव है। हिन्दी आलोचना विभिन्न खेमों, विभिन्न विचारधाराओं और गुटों में विभक्त है। इस तरह सम्यक् समीक्षा का अभाव दिखाई पड़ता है। समीक्षा का मतलब किसी रचनाकार या किसी रचना, या किसी समीक्षा शैली या किसी गुट विशेष के रचनाकार आदि को उभारना या गिराना नहीं है। वस्तुत: किसी रचना का मंथन कर उसके गुण और दोषों को उजागर कर उसकी सम्पूर्णता को प्रस्तुत किया जाना चाहिये। आलोचक की भूमिका रचना और रचनाकार के मध्य सेतु की होनी चाहिये। इससे रचना की पाठकीयता बढ़ेगी।

अक्षरा के प्रस्तुत अंक आलोचना-विशेषांक का उद्देश्य किसी रचना के सम्पूर्ण पक्षों का विवेचन कर पाठकों के समक्ष उपस्थित करना है। इस दिशा में प्रस्तुत अंक में हिन्दी की प्रमुख विधाओं, आलोचना, कविता, कहानी, उपन्यास, निबन्ध, नाटक, यात्रा साहित्य आदि पर हिन्दी के प्रमुख समीक्षकों के विचार यहाँ प्रस्तुत किये गये हैं। साथ ही उनकी विभिन्न विधाओं की रचनाओं पर आलोचना प्रस्तुत की गयी हैं। 'अक्षरा' का अपने ढंग का बहुत ही अच्छा प्रयास है।

इस अंक में यात्रा साहित्य की समीक्षा करते हुए पाठकों की जानकारी के लिए स्वातंत्रोत्तर प्रकाशित 136 यात्रा साहित्य की सूची दी गयी है। यह पाठकों के लिए अत्यन्त उपयोगी तो है ही साथ ही यात्रा साहित्य की विकास यात्रा का भी संकेत है, जो उत्साहवर्धक है। आशा है, अक्षरा के माध्यम से पाठकों को हिन्दी आलोचना के सम्बन्ध में नयी दृष्टि मिलेगी।

गगनाञ्चल

भारत सरकार हिन्दी के विकास के लिए और उसके प्रचार-प्रसार के लिए न केवल देश में बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में प्रयासरत है। हिन्दी के माध्यम से न केवल प्रचार-प्रसार होता है बल्कि भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है। इसी दृष्टि को ध्यान में रखकर भारत सरकार ने विदेश मन्त्रालय के अन्तर्गत भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद स्वायत्त संगठन स्थापित किया है। यह संस्था 1950 में गठित हुई थी जिसके अन्तर्गत विभिन्न भाषाओं में सात त्रैमासिक पत्रिकाएँ प्रकाशित की जाती हैं। हिन्दी में **'गगनाञ्चल'** त्रैमासिक पत्रिका प्रकाशित की जाती है।

'गगनाञ्चल' 264 पृष्ठों की उच्चस्तरीय पत्रिका है। इसमें चिन्तन, स्मरण, आलोचना विवेचन, निबन्ध, कहानी, उपन्यास का धारावाहिक अंश, गजल/कविता/गीत, हास्य व्यंग्य, यात्रा वृत्तान्त, कला संस्कृति, समीक्षा आदि पर एक साथ सामग्री प्रस्तुत की जाती है। हिन्दी जगत में सम्भवत: अपने ढंग की यह अकेली पत्रिका है, जो साहित्य की सभी विधाओं पर एक साथ सामग्री प्रस्तुत करती है। इसके साथ ही विदेशों में हिन्दी की गतिविधियों पर भी इस पत्रिका में जानकारी प्रस्तुत की जाती है।

प्रस्तुत अंक (वर्ष 23, अंक 2 : अप्रैल-जून 2000) में सार्क देशों को केन्द्र में रखकर भी कुछ सामग्री दी गयी है, जो अत्यन्त उपयोगी है। कबीर की आवश्यकता, हिन्दूकाल गणना, कमलेश्वर जी का लेख सम्मिलित संस्कृति के वाहक हैं, हमारे। दक्षेस देश, विदेश में हिन्दी पत्रकारिता, सफरनामा चेन्नई से पोर्टब्लेयर आदि लेख उच्चस्तरीय लेखन है और पठनीय है। यह पत्रिका भारत का विभिन्न देशों से साहित्य और संस्कृति के माध्यम से सांस्कृतिक सम्बन्ध बनाने में पूर्ण सक्षम है, वहीं हिन्दी पत्रकारिता का मानरूप स्वरूप भी स्थापित करती है।

ऐसी उत्तम कोटि की पत्रिका के सम्पादन और प्रकाशन के लिए सम्पादक और परिषद दोनों ही बधाई के पात्र हैं।

तद्भव

'तद्भव' हिन्दी की त्रैमासिक पत्रिका है। पत्रिका का चौथा अंक प्रस्तुत है। तीन अंकों में ही इस पत्रिका ने अपना उच्च स्थान प्राप्त कर लिया है। यह पत्रिका आधुनिक रचनाशीलता पर केन्द्रित विशिष्ट रचनाओं का संकलन है। यह पत्रिका केवल समीक्षात्मक ही नहीं वरन् रचनात्मक लेखों के कारण अत्यन्त आकर्षक और पठनीय बन गयी है।

रवीन्द्र कालिया की कहानी बुढ़वा मंगल और कुँवरनारायण की कविता शान्ति वार्ता विशेष पठनीय और आकर्षक है। कुँवरनारायण की कविता शान्तिवार्ता की ये पंक्ति सहज ही पाठक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए विवश करती है—

अल्ला हो अकबर/विनती है भगवन्/
अगर दो तो अुणबम/न ये गन न वो गन/

आज हिन्दी में अभिव्यक्ति की अजब बेचैनी है। छोटे-छोटे नगरों से, कस्बों से अनियतकालीन, त्रैमासिक, मासिक अनेक पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही हैं। आधुनिकता के युग में सभी अपनी पहचान बनाये रखने को व्यग्र हैं। इन पत्रिकाओं में अनेक पत्रिकाएँ अति महत्त्वपूर्ण है। समय-समय पर उपलब्ध पत्रिकाओं की परिचयात्मक समीक्षा भी प्रकाशित की जाती है।

प्रकाशित पत्रिकाएँ

सुधारक (त्रैमासिक)
सम्पादक : दिवाकर
सम्पर्क, मोहनी भवन, खरे टाउन, धरमपेठ नागपुर
(एक अंक 10.००, वार्षिक 40.००)

उलुपी (वार्षिकांक)
सम्पादक : रविशंकर रवि
सम्पर्क, थामस बिल्डिंग, पुब सरजिया गुवाहाटी-781003 (एक प्रति 15.००)

आधारशिला (त्रैमासिक)
सम्पादक : दिवाकर भट्ट
सम्पर्क, बड़ी मुखानी, हलद्वानी-263139
(एक प्रति 20.00, वार्षिक 100.00)

पत्रकार सदन (त्रैमासिक)
सम्पादक : अफजाल अंसारी
सम्पर्क, सी०पी० 13, प्रेस इन्क्लेव, सेक्टर-सी अलीगंज, लखनऊ (एक प्रति 15.00)

अर्थात् (त्रैमासिक)
सम्पादक : मनोजकांत
सम्पर्क, 42 निमावां रोड, फैजाबाद-1
(एक प्रति 20.00)

पहल (त्रैमासिक)
सम्पादक : ज्ञानंजन
सम्पर्क, 101 रामनगर, आधारताल, जबलपुर
(एक प्रति 30.00, वार्षिक 120.00)

सर्वनाम (त्रैमासिक)
सम्पादक : विष्णुचन्द्र शर्मा
